मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक..10482/ 32 / 2017 / चयन

इन्दौर दिनांक 10 OCT 2017

//विज्ञप्ति//

राज्य सेवा परीक्षा–2017 साक्षात्कार आयोजन संबंधी सूचना ।

01.आयोग के विज्ञापन क्रमांक 06/परीक्षा/2016/दिनांक 05.12.2016 के अन्तर्गत राज्य सेवा परीक्षा–2017 का विज्ञापन प्रकाशित किया गया हैं । उक्त विज्ञापन के अंतर्गत मुख्य परीक्षा दिनांक 03.06.2017 से 08.06.2017 तक आयोजित की गई थी । लिखित परीक्षा का परिणाम दिनांक 28.09.2017 को जारी किया गया हैं ।

02.राज्य सेवा परीक्षा–2017 के साक्षात्कार दिनांक 06 नवम्बर 2017 से दिनांक 06 दिसम्बर 2017 तक आयोजित किए जाना निर्धारित किए गए हैं । मुख्य परीक्षा के परिणाम में आवेदकों को निर्देशित किया गया है कि अभिलेख दिनांक 28.10.2017 तक प्रस्तुत करें, **आवेदकों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि साक्षात्कार कार्यक्रम घोषित होने के कारण आवेदक अपने अभिलेख यथाशीघ्र आयोग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।**

03.आवेदकों को साक्षात्कार पत्र ऑनलाईन आवेदन पत्र में अंकित ई–मेल एड्रेस पर दिनांक 16.10.2017 से प्रेषित किए जावेगें । आवेदकों की सुविधा की दृष्टि से साक्षात्कार पत्र आयोग की बेबसाईट www.mppsc.nic एवं www.mppsc.com पर भी दिनांक 17.10.2017 से उपलब्ध हैं । आवेदक अपना रोलनंबर एवं जन्मतिथि की प्रविष्टि कर साक्षात्कार की प्रति प्राप्त कर सकते हैं ।

04.राज्य सेवा परीक्षा–2017 के अघतन पदों की जानकारी का पत्रक एवं अग्रमान्यता पत्रक की प्रति आयोग की बेबसाइट पर दिनांक 01.11.2017 से उपलब्ध हैं । आवेदकों को पदों की अग्रमान्यता आयोग की उक्त बेबसाइट पर ऑनलाईन दर्ज कर उसका प्रिंट आउट प्राप्त कर साक्षात्कार दिवस को प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य हैं । पदों की अग्रमान्यता साक्षात्कार दिवस के 02 दिवस पूर्व तक ऑनलाईन भरी जा सकती हैं । पदों की अग्रमान्यता भरी जाने के संबंध में आवेदकों को प्राप्त साक्षात्कार पत्र में समस्त जानकारी अंकित की गई हैं । अतः आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि साक्षात्कार पत्र में उल्लेखित समस्त शर्तो को गंभीरतापूर्वक अध्ययन कर लें, तत्पश्चात पदों की अग्रमान्यता ऑनलाईन प्रस्तुत करें । साक्षात्कार पश्चात पदों की अग्रमान्यता में परिवर्तन के संबंध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं किया जाकर नस्तीबद्ध किया जावेगा ।

05.साक्षात्कार दिवस को आवेदकों को व्यक्तिगत विवरण पत्रक की 05 छायाप्रति, अनुप्रमाणन फार्म–02 मूल प्रति, उपस्थिति पत्रक–01 प्रति आयोग की बेबसाइट से प्राप्त कर उसकी आवश्यक पूर्ति कर समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति एवं उनकी सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक हैं, पहचान प्रमाण पत्र हेतु आधार कार्ड की मूल प्रति एवं उसकी छायाप्रति साथ लाना आवश्यक हैं । वांछित अभिलेख प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में साक्षात्कार की उम्मीदवारी निरस्त की जावेगी । साक्षात्कार दिवस को आवेदको को प्रातः 10.00 बजे आयोग कार्यालय उपस्थित होना अनिवार्य हैं ।

उप परीक्षा नियंत्रक